TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

28 मार्च 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा से आत्मविश्वास, आत्मसम्मान, नैतिकता

और व्यक्तिव का विकास होता है।

**डॉ. भीमराव अंबेडकर**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

28 मार्च

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी तिथि, शुक्रवार 28 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"मजबूरी एक इन्सान से वो काम कराती है जिसको वो करना नहीं चाहता है और आत्म–विश्वास एक इन्सान से वो काम कराता है जो वो कर नहीं सकता है।"

"Compulsion forces a person to do things he does not want. Self-confidence makes a person do things that he cannot do."

DIWAS GYAN

## आज के दिन

1552 – सिक्खों के दूसरे गुरु गुरु अंगद देव का निधन।

1797 – न्यू हैम्पशायर के नाथनियल ब्रिग्स ने वॉशिंग मशीन का पेटेंट कराया।

1896 – गणितज्ञ, हिंदी विश्वकोश के संपादक तथा हिंदी में वैज्ञानिक साहित्य के बहुप्रतिम लेखक गोरख प्रसाद का जन्म हुआ।

1929 – इक्वाडोर में लोकतांत्रिक संविधान लागू हुआ।

1. **वाशिंग मशीन का अविश्कार** – 28 मार्च, 1797 ई. को कपड़े धोने के लिए उपयोग में आने वाली 'वाशिंग मशीन' के अविष्कार के लिए नाथानियल ब्रिग्स को पेटेंट प्रदान किया गया।

2. **गोरख प्रसाद का जन्म**– हिन्दी विश्वकोश के संपादक, गणितज्ञ तथा हिन्दी में वैज्ञानिक साहित्य के लेखक गोरख प्रसाद का जन्म 28 मार्च, 1896 को गोरखपुर में हुआ था। वे ज्योतिष और खगोल के प्रकांड विद्वान थे। काशी में हिंदी साहित्य सम्मेलन के 28वें अधिवेशन में विज्ञान परिषद् के अध्यक्ष थे। 'भारतीय ज्योतिष का इतिहास', 'सूर्यसारिणी', 'चंद्रसारिणी', 'आकाश की सैर', 'सरल विज्ञानसागर' आदि उनकी प्रमुख रचना है।

## गुरुस्तोत्रम्

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुस्साक्षात्परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः ॥१॥

अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः॥२॥

अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरं।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः ॥३॥

अनेकजन्मसंप्राप्तकर्मबन्धविदाहिने
आत्मज्ञानप्रदानेन तस्मै श्री गुरवे नमः ॥४॥

मन्नाथः श्रीजगन्नाथो मद्गुरुः श्रीजगद्गुरुः।
ममात्मासर्वभूतात्मा तस्मै श्री गुरवे नमः॥५॥

# दिवस विशेष

28 मार्च

**मधु प्रिया**

# गुरु अंगद का निधन 28 मार्च



गुरु अंगद का जन्म 31 मार्च 1504 को गांव हरिके (अब सराय नागा , मुक्तसर के पास ) पंजाब में लहणा के नाम से हुआ था। वह फेरू मल नामक एक छोटे लेकिन सफल व्यापारी के पुत्र थे। उनकी माता का नाम माता रामो था (जिन्हें माता सभिराय, मनसा देवी और दया कौर के नाम से भी जाना जाता है)। सभी सिख गुरुओं की तरह, लहना खत्री जाति और विशेष रूप से त्रेहन गोत्र (कबीले) से आए थे। गुरु नानक का शिष्य बनने और अंगद के रूप में सिख जीवन शैली का पालन करने से पहले, लहना खडूर के एक धार्मिक शिक्षक थे जिन्होंने देवी दुर्गा का पालन किया था। भाई लहना ने अपने 20 के दशक के अंत में गुरु नानक की तलाश की, उनके शिष्य बन गए, और करतारपुर में लगभग छह से सात वर्षों तक अपने गुरु की वफादारी के साथ सेवा की और सनातन जीवन शैली को त्याग दिया। ऐसा माना जाता है कि उन्हें अपने विश्वास को त्यागने और गुरु नानक की प्रथाओं का पालन करने के लिए सिर्फ एक बैठक हुई। गुरु अंगद ने गुरु नानक के मार्गदर्शन में खुद को साबित करने के लिए 7 साल समर्पित किए और कई परीक्षणों के बाद उन्होंने 1539 में उन्हें अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया । 28 मार्च 1552 को इनकी मौत हो गयी।

# जयंती विशेष 28 मार्च

28 मार्च 1896 - 5 मई 1961



गणितज्ञ, *हिंदी विश्वकोश के संपादक*, साहित्यकार एवं लेखक

## श्री गोरख प्रसाद जी

की जयंती पर

**कोटिशः नमन**

**गोरख प्रसाद** *Gorakh Prasad*, जन्म- 28 मार्च, 1896, गोरखपुर; मृत्यु- 5 मई, 1961, वाराणसी) गणितज्ञ, 'हिंदी विश्वकोश' के संपादक तथा हिंदी में वैज्ञानिक साहित्य के लब्धप्रतिष्ठ और बहुप्रतिभ लेखक थे। ज्योतिष और खगोल के वे प्रकांड विद्वान् थे। आप 'हिंदी साहित्य सम्मेलन' के परीक्षामंत्री भी कई वर्ष तक रहे। गोरख प्रसाद काशी (वर्तमान बनारस) में 'हिंदी सहित्य सम्मेलन' के 28वें अधिवेशन में विज्ञान परिषद के अध्यक्ष थे। 'बनारस मैथमैटिकल सोसायटी' के भी आप अध्यक्ष रहे थे।

CLASS 3
EVS

ToB TLM

# पानी

* पृथ्वी पर पानी सभी जीव- जंतुओं और मनुष्य के लिए एक बहुमूल्य संपदा है।
* इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।
* पानी दो प्रकार का होता है- मीठा पानी और खारा पानी।
* मीठा पानी पीने योग्य होता है जबकि खारा पानी हम नहीं पी सकते यह ज्यादातर समुंद्र मे पाया जाता है।
* पानी के द्वारा बिजली भी उत्पन्न की जाती है।
* हमारी पृथ्वी पर 71% पानी है लेकिन पीने के लिए यह केवल 3% योग्य है।
* पेड़-पौधों को भी पानी की आवश्यकता होती है।
* पानी का मुख्य स्रोत झरना, नदी, तालाब, ट्यूबवेल आदि हैं।

**पानी की बचत:-** (क) नल को खुला ना छोड़े।
(ख) नहाने के लिए शावर की जगह बाल्टी का उपयोग करें।
(ग) पौधों में पानी पाइप की जगह वाटर कैन का उपयोग करें।
(घ) घर में पानी का मीटर लगवाएं।







Punita Kumari

# वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

## लालटेन के गर्म शीशे पर जल की बूंदें गिरती है तो शीशा चटक जाता है, क्यों?

लालटेन का शीशा गर्म रहता है।जल की  ठंढीं बूंदें जिस स्थान पर गिरती है,वह स्थान सिकुड़ना चाहता है। इसके सिकुड़ावऔर अन्य भाग में फैले रहने के कारण तनाव पैदा होती है और शीशा चटक जाता है।



*Madhu priya*

विज्ञान कॉर्नर

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### ल्यूटीशियम(Lutetium)

लैंथेनाइड सीरीज तत्व

संकेत (symbol) - **Lu**

परमाणु संख्या (Atomic no.) -71

समूह -f block group

आवर्त (period)-6


ब्लाक (block)-f

संयोजकता (valancy)-3

समस्थानिक (Isotope)-2

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -$[Xe]4f^{14}5d^{1}6s^{2}$

परमाणु भार A. weight -174.96




### खोज

1907-08,कार्ल एयर और जॉर्जेस अर्बेन

### भौतिक गुण

चांदी सफ़ेद, ठोस, दुर्लभ मृदा धातु

### रासायनिक गुण

तनु अम्ल में घुलनशील

### उपयोग

उत्प्रेरक, चिकित्सा, जियोलॉजिकल इंडस्ट्री

Anu priya

# TOB खेल कॉर्नर

## IPL खबर से जुड़ा GK

IPL का 18वां सीजन शुरू हो चुका है।
**हम आपको IPL के बारे में बता रहे हैं...**

- इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की शुरुआत 2008 में हुई थी। लीग के अब तक 17 सीजन हो चुके। 2025 तक के लिए मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को हुआ।
- IPL का पहला खिताब राजस्थान रॉयल्स ने जीता था। उसने 1 जून 2008 को फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स को 3 विकेट से हराया था।
- अब तक मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने सबसे ज्यादा 5-5 टाइटल जीते हैं। मुंबई ने 2013, 2015, 2017, 2019, 2020 में IPL जीता। जबकि चेन्नई ने 2010, 2011, 2018, 2021, 2023 में खिताब जीता।
- कोलकाता नाइट राइडर्स 3 बार चैंपियन बनी है। डेक्कन चार्जर्स, गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयलस ने 1-1 बार खिताब जीता है।
- चेन्नई सुपर किंग्स ने अब तक सबसे ज्यादा 10 IPL फाइनल खेले हैं। इस मामले में मुंबई इंडियंस दूसरे नंबर पर है। उसने 6 बार फाइनल खेला है।
- स्पॉट फिक्सिंग के चलते चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स पर दो साल (2016, 2017) का बैन लगा था। बैन हटने के बाद चेन्नई ने 2018 में खिताब जीता था।
- RR के बाद GT दूसरी ऐसी टीम है, जिसने अपने डेब्यू सीजन में ही IPL खिताब जीता है। पहले सीजन में राजस्थान ने चेन्नई को हराया था, जबकि गुजरात ने 2022 में राजस्थान को फाइनल हराया था।

Teachers Of Bihar

# आओं सीखें

## सफलता

जब कोई व्यक्ति अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर ले, चाहे वह व्यक्तिगत, शैक्षिक, व्यावसायिक या आध्यात्मिक हो। जैसे :

- मेहनत और ईमानदारी से काम करने वाला व्यक्ति सफलता प्राप्त करता है।
- शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना सफलता है।

VS

## विजय

जब कोई व्यक्ति किसी प्रतियोगिता, संघर्ष या युद्ध में अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर जीत हासिल करता है। जैसे :

- क्रिकेट मैच में भारत को विजय मिली।
- महाभारत के युद्ध में पांडवों ने विजय प्राप्त की।

संक्षेप में :-

- सफलता : किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने से जुड़ी होती है, चाहे उसमें किसी से मुकाबला हो या न हो।
- विजय : हमेशा किसी संघर्ष, युद्ध या प्रतियोगिता में किसी को हराने से जुड़ी होती है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 28.03.2025

## सीखने के स्थानांतरण का सिद्धांत

सीखने के स्थानांतरण का सिद्धांत कहता है कि अगर दो स्थितियों में समानताएँ हों, तो एक स्थिति में सीखी गई चीज़ों को दूसरी स्थिति में लागू किया जा सकता है. इसे स्थानांतरण अधिगम या ज्ञान हस्तांतरण भी कहते हैं ।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



भगवान जगन्नाथ की धरती ओडिशा में सोने का भंडार पाया गया है। ओडिशा के खनन मंत्री विभूति भूषण जेना ने विधानसभा में इसकी पुष्टि की है।

# ToB बूझो तो जानें..



बिहार दिवस
विशेष

बिहार कोकिला किसे कहा जाता हैं... बुझो तो जानें... ?



www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

# TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers



28 मार्च

सिखों के द्वितीय गुरु

**गुरु अंगद देव जी**

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

Madhu priya

/teachersofbihar